an>

Title: Need to complete the roads to the built under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana at Mandi and monitoring the quality of the roads completed under these scheme.

श्री रामस्वरूप शर्मा (मंडी) : महोदय, मंडी की अधिकांश ग्राम सड़क योजना प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत नामित की गई हैं। हिमाचल प्रदेश में ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 2603 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी जिसमें से 1343 करोड़ ही अभी तक व्यय किए गए हैं लेकिन आश्चर्य है कि बहुत से निर्माण कार्य इस योजना के तहत असंतोषजनक पाए गए हैं। निर्माण कार्यों के लिए निर्धारित सत्यापन प्रक्रिया भी असंतोषजनक है। प्रदेश में 603 में से 50 परसेंट सड़कें की गुणवत्ता संबंधी निरीक्षण अभी तक पूर्ण नहीं हो पाया है। मेरे निर्वाचन क्षेत्र मंत्री के भीतरी गांव में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निम्नलिखित सड़कों का हाल भी बदत्तर है जो आम जनता के लिए कठिनाइयां पैदा कर रहा है। प्रदेश में स्वीकृत सड़कों की संख्या 2100 के करीब थी जिसमें से 577 सड़कें अभी तक नहीं बन पाई हैं। अगर प्रदेश में यह कार्य इसी धीमी गति से चलता रहा तो प्रदेशवासी विशेषकर कुल्लु और मंडिवासियों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का लाभ नहीं मिल पाएगा। मेरा ग्रामीण विकास मंत्रालय से निवेदन है कि पहाड़ी क्षेत्र हिमाचल प्रदेश के लिए इस योजना के तहत विशेष वित्तीय राशि प्रदान की जाए जिससे इस योजना का लाभ जरूरतमंद ग्रामीण लोगों को मिल सके और अधूरी पड़ी सड़कें पूर्ण हो सकें।